गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम – महारत्न कंपनी)
GAIL (India) Limited
(A Government of India Undertaking - A Maharatna Company)

गेल भवन,
16 भीकाएजी कामा प्लेस
नई दिल्ली-110066, भारत
GAIL BHAWAN,
16 BHIKAIJI CAMA PLACE
NEW DELHI-110066, INDIA
फोन/PHONE: +91 11 26182955
फैक्स/FAX: +91 11 26185941
ई–मेल/E-mail: info@gail.co.in

एनडी/गेल/सेक्ट/2021 **01.12.2021**

1. लिस्टिंग अनुपालन नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड एक्सचेंज प्लाज़ा, 5वीं मंजिल, प्लॉट सं.सी/1, जी ब्लॉक, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व) मुम्बई-400051 **सिम्बल : गेल (ईक्यू)**	2. लिस्टिंग अनुपालन बीएसई लिमिटेड फ्लोर 1, फिरोज़ जीजीभॉय टॉवर्स, दलाल स्ट्रीट, मुम्बई - 400001 **स्क्रिप कोड: 532155**

प्रिय महोदय/महोदया,

"श्री राकेश कुमार जैन द्वारा गेल के निदेशक (वित्त) के रूप में पदभार ग्रहण करने संबंधी" प्रेस विज्ञप्ति संलग्न है ।

धन्यवाद,
भवदीय

(ए.के. झा)
कंपनी सचिव

संलग्नक: उपरोक्तानुसार

प्रति लिपि:

1. ड्यूश बैंक एजी, फिलियाले मुंबई — के/ए-सुश्री अपर्णा सालुंके
टीएसएस और ग्लोबल इक्विटी सर्विसेज, द कैपिटल, 14 वीं मंजिल
सी -70, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, मुंबई-400051

सीआईएन/CIN
L40200DL1984GOI018976
www.gailonline.com

गेल (इंडिया) लिमिटेड

प्रेस विज्ञप्ति

श्री राकेश कुमार जैन ने गेल के निदेशक (वित्त) के रूप में कार्यभार ग्रहण किया

-

नई दिल्ली, 1 दिसंबर, 2021: श्री राकेश कुमार जैन ने आज गेल (इंडिया) लिमिटेड के निदेशक (वित्त) के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। पेशे से एक कॉस्ट एंड मैनेजमेंट एकाउन्टेंट, श्री जैन ने कंपनी में एक प्रबंधन प्रशिक्षु के रूप में अपना करियर शुरू किया तथा लगभग 30 वर्षों का समृद्ध् अनुभव हासिल कर अपना वर्तमान पद प्राप्त किया।

निदेशक (वित्त) के रूप में अपनी नियुक्ति से पहले श्री जैन गेल में कार्यकारी निदेशक (वित्त एवं लेखा) के पद पर कार्यरत थे। इसके अतिरिक्त श्री जैन इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड में निदेशक के पद पर कार्यरत हैं। इससे पूर्व वे रत्नागिरी गैस एंड पावर प्राइवेट लिमिटेड (आरजीपीपीएल) के निदेशक मंडल में थे। वे 1992 में गेल में कार्यग्रहण किया और कंपनी की विकास यात्रा का अभिन्न हिस्सा रहे हैं। कार्यकारी निदेशक (वित्त एवं लेखा) के रूप में उन्होंने घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों से बड़े पैमाने पर धन जुटाने में निगमित वित्त और ट्रेजरी अनुभाग का नेतृत्व किया तथा बड़ी अवसंरचना परियोजनाओं में निवेश के निर्णय लिए। वे निवेशक संबंधों और विश्लेषक समूह के साथ परस्पर विचार - विमर्श में भी सक्रिय रूप से शामिल रहे।

श्री जैन ने विदेशी मुद्रा जोखिम प्रबंधन, पूंजी बजट, कॉर्पोरेट बजट, कॉर्पोरेट लेखा, दीर्घकालिक अंतर्राष्ट्रीय एलएनजी और गैस करारों को अंतिम रूप देने, मूल्य निर्धारण, द्रवीकरण और पुनर्गैसीकरण टर्मिनल सेवा करारों, विलय और अधिग्रहण, कराधान, विनियामक पहलू आदि सहित कॉर्पोरेट वित्त और ट्रेजरी के क्षेत्रों में कार्य किया है।

गेल में दीर्घ कार्यकाल के अलावा वे पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) में संयुक्त निदेशक (वाणिज्यिक और वित्त) के रूप में प्रतिनियुक्ति पर रहे। पीएनजीआरबी में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने प्रशुल्क विनियमों की समीक्षा, एकीकृत प्रशुल्क की अवधारणा, सीजीडी की 9वीं और 10वीं बोली चक्र के प्राधिकरण तथा वित्त कार्य आदि सक्रिय रूप से संपन्न किए। उन्होंने गेल के सबसे बड़ा पेट्रोकेमिकल संयंत्र पाता सहित गेल के लगभग सभी व्यावसायिक कार्यक्षेत्रों में भी काम किया है।